प्रेस विज्ञप्ति

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 – 2021–2023 में प्रवेश हेतु मेन काउन्सिलिंग के प्रथम चरण की ऑनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया आज दिनांक 17 सितम्बर 2021 से प्रारम्भ हो गयी है इसमें स्टेट रैंक 1 से 75,000 तक के अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 – 2021–2023 की काउन्सिलिंग प्रक्रिया द्वारा प्रदेश के 16 राज्य विश्वविद्यालयों के अन्तर्गत 2477 राजकीय/सहायता प्राप्त महाविद्यालय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय में बी.एड. में प्रवेश हेतु आवंटित सीटों पर प्रवेश किये जायेंगे। इन विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के अन्तर्गत बी॰एड॰ में प्रवेश हेतु सीटों की कुल संख्या 2,35,010 है। इनमें से 7,830 सीटें विश्वविद्यालय/ राजकीय/सहायता प्राप्त महाविद्यालयों की हैं जबकि 2,27,180 सीटें स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की हैं।

आज ऑनलाइन काउन्सिलिंग प्रक्रिया के प्रथम दिवस पर सायं 5:00 बजे तब 7,938 अभ्यर्थियों ने प्रवेश हेतु अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है।

(प्रो॰ अमिता बाजपेयी)
राज्य समन्वयक
संयुक्त प्रवेश परीक्षा बी0एड0 2021–2023